WHITEHORSE CITY COUNCIL

किस एंड गो जोन

नियमों को समझना

किस एंड गो जोन आपके बच्चे की सुरक्षा, आपकी सुविधा के लिए और भीड़भाड़ और उलझन को कम करने के लिए हैं।

किस एंड गो ज़ोन एक शॉर्ट टर्म स्टॉपिंग एरिया है जो आपके बच्चे को फुटपाथ की सुरक्षा का उपयोग करते हुए आपकी कार और स्कूल के बीच चलने में सक्षम बनाता है।



किस एंड गो जोन रूल्स

- किस एंड गो ज़ोन और नो पार्किंग ज़ोन समान परिस्थितियों में काम करते हैं।
- आप अधिकतम दो मिनट के लिए बच्चों को छोड़ने या लेने के लिए रुक सकते/ती हैं।
- ड्राइवरों को वाहन के तीन मीटर के अंदर या भीतर रहना चाहिए।
- यह ज़ोन नो पार्किंग साइन पर बताए गए ऑपरेशन के घंटों के दौरान ही लागू होता है।

अपना वाहन न छोड़ें
यातायात के प्रवाह को सुचारू तौर पर चलाएं रखने के लिए, बच्चों के अंदर और बाहर जाने के दौरान ड्राइवरों को कार में ही रहना चाहिए। बच्चों को कार में यात्रा करते समय बैग अपने साथ रखना चाहिए (बूट में नहीं)।

समय पर आएं
यदि आपका बच्चा दो मिनट के भीतर वाहन से अंदर या बाहर नहीं आता है तो आपको अवश्य ही निकल कर जाना चाहिए और किस एंड गो ज़ोन में फिर से प्रवेश करना चाहिए।

बाल सुरक्षा
कृपया सुनिश्चित करें कि बच्चे कर्ब साइड से वाहन के अंदर या बाहर आएं। पीछे की सीट बच्चों के लिए यात्रा करने के लिए सबसे सुरक्षित सीट है, चाहे वाहन का निर्माण कुछ भी हो। सुनिश्चित करें कि गाड़ी चलाने से पहले बच्चों द्वारा उनकी सुरक्षा पेटी सुरक्षित रूप से बांध ली गई है।

क्रम में रहें
अपने बच्चे को ज़ोन के शीर्ष के पास छोड़ें या बैठाएं, जहाँ तक संभव हो आगे बढ़ें। यह आपके पीछे आने वाले वाहनों को एक व्यवस्थित तरीके से क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति देता है।

चालक के देखभाल कर्तव्य
क्षेत्र में प्रवेश करते या छोड़ते समय यातायात का निरीक्षण करें। ज़ोन में या बाहर जाते समय दूसरों को सूचित करने के लिए अपने इंडिकेटर का उपयोग करें।

कोई यू-टर्न नहीं
व्यस्त स्कूल क्षेत्रों में यू-टर्न न लें। यह खतरनाक हैं और बच्चों को जोखिम में डालते हैं।

किस एंड गो ज़ोन को सभी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। कृपया स्कूल क्षेत्रों के आसपास सावधानी से ड्राइव करें।